लापरवाही | निर्माण में लापरवाही पर उठे गंभीर सवाल

# 2 करोड़ का बस स्टैंड बना सवालों का अड्डा



**नवभारत/ नरसिंहपुर/ साईंखेड़ा।** नगर परिषद साईंखेड़ा में करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे बस स्टैंड, यात्री प्रतीक्षालय और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण अब विवादों के घेरे में आ गया है। जिस परियोजना को नगर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए शुरू किया गया था, वही अब अव्यवस्था और कथित गुणवत्ताहीन निर्माण का उदाहरण बनती जा रही है। क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा 9 मार्च 2024 को इस महत्वाकांक्षी परियोजना का भूमिपूजन किया गया था, जिसे तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाना था। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि निर्माण कार्य न केवल धीमी गति से चल रहा है, बल्कि इसकी गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण में कॉलम की गहराई एक समान नहीं रखी गई है—कहीं 6 फीट, कहीं 7, 8 और कहीं 10 फीट तक खुदाई की गई है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस तरह की अनियमितता भवन की मजबूती को सीधे प्रभावित करती है और भविष्य में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि निर्माण स्थल पर अनिवार्य सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है, जबकि नियमों के अनुसार कार्य का नाम, लागत, ठेकेदार, समय-सीमा और तकनीकी अधिकारियों की जानकारी सार्वजनिक करना जरूरी होता है। सूचना के अभाव में पारदर्शिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इतना ही नहीं, स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि परियोजना के मूल नक्शे के अनुरूप दुकानों का निर्माण नहीं किया जा रहा है, जिससे पूरी योजना की उपयोगिता पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है। नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों से इस संबंध में पूछे जाने पर स्पष्ट जवाब नहीं मिला, जिससे पूरे मामले में संदेह और गहराता जा रहा है।

### जनता का सवाल सीधा है

जब 2 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं, तो क्या निर्माण की गुणवत्ता और मानकों से समझौता किया जा रहा है? अगर नींव ही कमजोर होगी, तो यह बस स्टैंड और कॉम्प्लेक्स कितने दिन सुरक्षित रह पाएगा? स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और कार्य को मानकों के अनुरूप पूरा कराया जाए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि निर्माण स्थल पर अनिवार्य सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है, जबकि नियमों के अनुसार कार्य का नाम, लागत, ठेकेदार, समय-सीमा और तकनीकी अधिकारियों की जानकारी सार्वजनिक करना जरूरी होता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को कितनी गंभीरता से लेता है, या फिर यह परियोजना भी सवालों के साए में ही पूरी होगी।

## शुरू नहीं हो सकी चना मसूर की खरीद

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** भले ही शासन प्रशासन ने समर्थन मूल्य पर चना मसूर और गेंहू के लिए खरीद केंद्रों पर तारीख घोषित कर दी गई है। वहीं जिला स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अभी तक धरातल स्तर पर खरीद केंद्रों पर खरीद शुरू नहीं हो पा रही है। हमारे प्रतिनिधि को क्षेत्रीय किसानों ने बताया कि तेंदूखेड़ा क्षेत्र में जितने भी खरीद केंद्र निर्धारित किए गए हैं उनमें अभी तक खरीद शुरू नहीं हुई है। किसानों का कहना है कि इस बारे में जब संबंधित केंद्र पर चर्चा की जाती है तो उनका कहना है कि अभी बार दाना और सर्वेयर नहीं आये है। चूंकि 10 अप्रेल तक तेंदूखेड़ा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई खरीदी नहीं हो सकी है। किसान पशोपेश की स्थिति में बना हुआ है।उधर तेंदूखेड़ा मंडी भी सूनी पड़ी हुई है। जबकि जरुरत मंद किसान व्यापारियों के हिसाब से ही मनमानें दामों पर उपज बेंचने मजबूर बनें हुए हैं और आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारियों की गोदामों से लगातार ट्रकों में भरकर अनाज दूसरी बड़ी मंडियों में भेजा रहा है। किसानों ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि शीघ्र ही किसानों की समस्याओं का निराकरण किया जाये।

## दबंगों ने किसान के खेत से स्टार्टर और केबल चोरी की



**नवभारत/ गाडरवारा।** पलोहा थाना अंतर्गत दबंगो ने सुकरी गाँव के किसान के खेत में लगी बिजली की मोटर का स्टार्टर और केबल (डोरी) ऑटो स्वीच, काटआउट चोरी कर ले गए । वही चोरो ने भूसा के ढेर में आग लगाने की भी कोसिस की। किसान वृंदावन शर्मा ने पुलिस थाना पलोहा में शिकायत दर्ज करते हुए आवेदन किया। जिसमें बताया गया हैं की वीते 4 अप्रैल की रात को यशवंत, राजू पिता रामगोपाल एवं विवेक पिता गणेश मेरे खेत से कृषि उपकरण 300 फुट डोरी सहित चुराकर ले गए। 8 दिन गुजर जाने के बाद ही पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। किसान वृंदावन शर्मा ने बताया पहले जसवंत शर्मा ने फोन पर मुझे धमकी दी, गाली गलौज करते हुए बोला अब हम तेरे खेत से डोरी स्टार चुरा कर ला रहे हैं, भूसा के ढेर में आग लगा देंगे तुझे जो करना लेना। जब दूसरे दिन सुबह खेत पर काम कर रहे मजदूर ने देखा तो नलकूप के पास लगी डोरी, स्टार्टर काटआउट एवं ऑटो स्विच नहीं मिले तब किसान ने पुलिस थाना पलोहा शिकायत की लेकिन जब कार्रवाई नहीं हुई तो 181 पर भी मामले की पूरी जानकारी देकर कार्यवाही की मांग की हैं। नलकूप बंद होने से किसान की मूंग और गन्ना की फसल खराब होने की कगार पर हैं, चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि सिंचाई को ठप कर देती है और फसल को नुकसान पहुंचते है। कानून के जानकर बताते हैं की चोरी की घटनाओं की तुरंत पुलिस में तहरीर दर्ज करनी चाहिए , क्योंकि bns की धारा 303 के तहत एक दंडनीय अपराध है।

## एक पखवाड़े से नहीं चल रही खेत की बिजली, किसान परेशान


**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा अधीनस्थ कर्मचारियों को विद्युत आपूर्ति को लेकर आवश्यक निर्देश देकर व्यवस्था सुचारू करने बल दिया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ विगत 10 दिनों से प्रतिष्ठित ग्राम हीरापुर में खेत वाली लाईन नहीं चल पाने के कारण किसान परेशान बनें हुए हैं। कहीं तार टूट रहा है तो कहीं जम्फर जा रहे हैं। हीरापुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारी मार्च में अपनी वसूली का कोटा पूरा करके कुंभकर्णी नींद में सोय हुए हैं। लाईमेन से लेकर ओआईसी तक रात में मोबाइल बंद कर लेते हैं मूंग की फसल खत्म होने की कगार पर पहुंचती जा रही है। लगातार सभी संबंधित अधिकारियों जनप्रतिनिधियों से निवेदन कर लिया गया है। फिर भी सुधार की दिशा में कोई उचित व्यवस्था नहीं हो सकी है।ऐसी स्थिति में सोमवार में समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्र वासियों द्वारा हीरापुर पहुंच मार्ग गेट पर चक्का जाम किया जायगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी बिजली विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों की रहेगी ।

## मालीवाड़ा फायरिंग कांड में दोनों पक्षों पर दर्ज हुआ प्रकरण, मुख्य आरोपी जेल भेजा गया



**नवभारत/गोटेगांव।** मालीवाड़ा गांव में हुए गोलीकांड की जांच में तीसरे दिन नया मोड़ आया है। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए दोनों पक्षों के कुल 10 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मामले में एक आरोपी शरद पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि अन्य की तलाश सरगर्मी से की जा रही है। घटना के बाद अब सोशल मीडिया पर भी दोनों पक्षों के बीच तीखी बयानबाजी और टकराव देखने को मिल रहा है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और पोस्ट को साक्ष्य के रूप में जांच में शामिल किया है। मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि जबलपुर के अस्पताल में उपचार करा रहे घायल आरोपी सविता पटेल और गिरवर पटेल वहां से अचानक गायब हो गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि गिरफ्तारी के डर से वे फरार हुए हैं। एसडीओपी मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मालीवाड़ा में आरोपियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की है, हालांकि अभी तक हथियार बरामद नहीं हुए हैं। पुलिस मुखबिरों की सहायता से फरार आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर रही है और जल्द ही अन्य गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

## गाडरवारा पटेल वार्ड में सड़कों पर बह रहा निस्तार का गंदा पानी



**नवभारत/ गाडरवारा।** शहर के पटेल वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। यहां एक परिवार द्वारा लंबे समय से घर का गंदा पानी सीधे मुख्य सड़क पर बहाया जा रहा है, जिससे पूरे वार्ड के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### आवागमन मुश्किल

लगातार बहते निस्तार का गंदे पानी के कारण सड़क पर हर समय कीचड़ और तालाब जैसी स्थिति बनी रहती है। बदबू इतनी अधिक है कि राहगीरों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत झेलनी पड़ रही है, जिन्हें रोज इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है।

**बीमारियों का खतरा बढ़ा:** सड़क पर जमा गंदा पानी मच्छरों के पनपने का केंद्र बन चुका है। इससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदगी के कारण आंखों और त्वचा संबंधी समस्याएं भी सामने आ रही हैं।

**नगर पालिका पर लापरवाही के आरोप:** रहवासियों के अनुसार इस समस्या की शिकायत कई बार नगर पालिका गाडरवारा और स्वास्थ्य विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। न तो गंदे पानी को रोकने के लिए कदम उठाए गए, और न ही उचित निकासी व्यवस्था बनाई गई।

**आंदोलन की चेतावनी:** वार्ड वासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे सामूहिक रूप से नगर पालिका का घेराव करेंगे और जिला कलेक्टर व सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराएंगे।

### रहवासियों की पीड़ा

हम सालों से इस गंदगी में रहने को मजबूर हैं। सड़क पर हमेशा कीचड़ रहता है। कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अधिकारी आते भी है तो पानी बन्द करने की वजह रोड नली बनने का हवाला दे कर चले जाते है मानो जैसे को नेता जी के घर से पानी सड़क पर बहाया जा रहा हो जिसके चलते कोई कुछ नहीं कर पा रहा हो । नगर पालिका की एक तरफ नीति हमें समझ से परे ।

**स्थानीय निवासी,** पटेल वार्ड

## खेत की जुताई के दौरान अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, किसान की हुई मौत



**गोटेगांव।** समीप ठेमी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम झामर में शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें ट्रैक्टर पलटने से एक किसान की असामयिक मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी 37 वर्षीय किसान शिवकुमार लोधी पिता हिम्मत सिंह लोधी अपने खेत में गन्ने की जुताई कर रहे थे। कार्य के दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और पलट गया, जिसके नीचे दबने से शिवकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद परिजनों और आसपास के लोगों ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मामले की विस्तृत रिपोर्ट संबंधित थाने को भेज दी है। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### एक नजर में




## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** शनिवार को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर तहसील तेंदूखेड़ा के बैनर तले अपनी दो प्रमुख मांगों को लेकर प्रदेश के शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार तेंदूखेड़ा को सौंपा गया जिसमें शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपेक्ष में मध्य प्रदेश शासन द्वारा भी यथा शीघ्र रिव्यू पिटीशन दायर कर आर टी ई अधिनियम 2009 के अस्तित्व में आने एवं उसके राज्य में क्रियान्वित किए जाने के पूर्व भर्ती हुए शिक्षकों को इससे मुक्त रखने हेतु मजबूती से पक्ष रखे जाने तथा वर्ष 1998 से कार्यरत शिक्षकों की वरिष्ठता का निर्धारण प्रथम नियुक्ति दिनांक से कर उन्हें लाभान्वित किया जाए । शिक्षकों की दोनों मांगों पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेकर शिक्षकों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाये।इस मौके पर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा तहसील इकाई तेंदूखेड़ा के शिक्षक शिक्षक शिक्षिकाओं ने बड़ी संख्या में धरना प्रदर्शन रैली में भाग लिया।

## गाडरवारा कोडिया पंचायत में साप्ताहिक बाजार की वार्षिक नीलामी आयोजित

**नवभारत/ गाडरवारा।** क्षेत्र की कोडिया पंचायत में साप्ताहिक सब्जी एवं मवेशी बाजार की वार्षिक नीलामी पंचायत कार्यालय में पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। इस प्रक्रिया में कुल 6 निविदाकारों ने भाग लेकर प्रतिस्पर्धात्मक बोली लगाई। सब्जी बाजार 3.59 लाख मवेशी बाजार 5.56 लाख कुल आय 9.15 लाख नीलामी में लक्ष्मी पाली ने सबसे ऊंची बोली लगाकर बाजी मारी। अन्य प्रतिभागियों में परसोताम मेहरा, संजय भंडोरिया, राजेश चौधरी, सूरज अग्रवाल और रजनीश कोरव शामिल रहे। वसूली दरें निर्धारित प्रति दुकान 30 प्रति मालवाहक गाड़ी 30 प्रति ट्रॉली 50 प्रति सिर बोझा 5 मवेशी बाजार (बकरा-बकरी)30 (क्रेता व विक्रेता अलग-अलग) मछली दुकान 50 प्रतिदिन इस सफल नीलामी से पंचायत को अच्छी आय प्राप्त होगी। साथ ही, स्थानीय बाजार व्यवस्था को बेहतर और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने में भी मदद मिलेगी।

## मुख्य मार्ग पर बने स्पीड ब्रेकरों में किया सुधार

**नवभारत/ करेली।** नगर पालिका ने नागरिकों की समस्याओं को ध्यान में रखकर मुख्य मार्ग पर बने स्पीड ब्रेकरों में सुधार कराया है। मुख्य मार्ग पर बनाए गए डबल स्पीड ब्रेकरों के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका ने दोनों स्पीड ब्रेकरों के बीच डामल भरकर उन्हें समतल किया है। इससे अब वाहन की गति नियंत्रित भी रहती है और अनावश्यक झटकों से राहत भी मिल रही है।

## शंकराचार्य बाल लीला धाम में शीतला अष्टमी पर रुद्राभिषेक

**गोटेगांव।** वैशाख कृष्ण पक्ष की शीतला अष्टमी तिथि पर श्री राजयोग आश्रम शंकराचार्य बाल लीला धाम, बरहटा में अत्यंत पावन आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें श्री महेंद्र शाह एवं उनके समस्त परिवार ने भगवान सिद्धरेश्वर का विधिवत रुद्राभिषेक किया और ब्राह्मण भोज करवाया। वही आश्रम प्रभारी सोमेश्वरानंद ब्रह्मचारी जी ने बताया कि वैशाख मास में रुद्राभिषेक और ब्राह्मण भोजन कराना अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। शास्त्रों के अनुसार वैशाख में जल दान, अन्न दान और शिव-पूजन से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इस पावन कर्म से श्री महेंद्र शाह जी और उनका परिवार सचमुच कृतार्थ हुआ। भगवान सिद्धरेश्वर की कृपा और माता शीतला का आशीर्वाद उन पर सदैव बना रहे इस अवसर पर श्रद्धालु बंधु ग्रामवाशी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## करेली में आग के बाद गाडरवारा में बढ़ी चिंता, बायोफ्यूल प्लांट पर उठे गंभीर सवाल

**नवभारत/गाडरवारा।** ग्राम मोहपानी, डमरूघाटी केकरा करेली क्षेत्र में हाल ही में बायोमास में लगी भीषण आग की घटना के बाद अब गाडरवारा क्षेत्र के ग्रामीणों में डर और चिंता का माहौल बन गया है। खासतौर पर बायोफ्यूल प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। क्या है ग्रामीणों की चिंताड़ ग्रामीणों का कहना है कि प्लांट में फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं दिख रहे ज्वलनशील सामग्री (बायोमास/ फ्यूल) खुले या असुरक्षित तरीके से रखी जाती है किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तुरंत प्रतिक्रिया व्यवस्था कमजोर है ऐसे में लोगों को डर है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो करेली जैसी घटना यहां भी दोहराई जा सकती है। ग्रामीणों की मुख्य मांगें प्लांट की तत्काल जांच की जाए सभी फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच व सुधार हो सुरक्षा मानकों और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए सबसे बड़ा सवाल क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि अगर प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो स्थिति गंभीर हो सकती है। अब सबकी नजर प्रशासनिक कदमों पर टिकी है।

## नि :शुल्क शरबत व ठंडे जल के प्याऊ का शुभारंभ




**करेली।** नगर के धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय दीनबंधु महिला ग्रुप ने मानवीय पहल को लेकर चर्चा में है। भीषण गर्मी के चलते ग्रुप द्वारा नगर के जीएस होटल के पास जरूरतमंदों,राहगीरों एवं आम नागरिकों के लिए बेल का शरबत,सत्तू का शरबत तथा शुद्ध ठंडे पेयजल का नि:शुल्क वितरण प्रारंभ किया गया है।इस सेवा कार्य का विधिवत शुभारंभ दीनबंधु महिला ग्रुप की अध्यक्ष तथा ग्रुप की सदस्य महिलाओं द्वारा किया गया। शुभारंभ के दौरान नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दीनबंधु महिला मंडल द्वारा प्रेस परिषद के सदस्यों एवं पत्रकारों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया।करेली प्रेस परिषद के अध्यक्ष अनुज ममार एवं परिषद के अन्य सदस्यों ने महिला मंडल की इस सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा जल एवं शरबत उपलब्ध कराना अत्यंत पुण्य का कार्य है और यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है।दीनबंधु महिला ग्रुप लंबे समय से नगर में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। ग्रुप की सदस्याएं तन,मन और धन से सेवाभाव के साथ जरूरतमंदों की सहायता के लिए लगातार कार्य करती रहती हैं। शुभारंभ के साथ ही भीषण गर्मी के बीच बड़ी संख्या में राहगीरों ने यहां रुककर सत्तू का शरबत,बेल का जूस एवं शुद्ध ठंडा पेयजल ग्रहण किया ग्रुप की सदस्यों ने बताया कि गर्मी के पूरे मौसम में यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा, ताकि राहगीरों और जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके। ग्रुप की सदस्य पिंकी बृजपुरिया, दीप्ति नेमा, ज्योति कथाल, लकी छाबड़ा, मीना अग्रवाल, नीलू साहू, नीता रावत, रश्मी पालीवाल, रेखा अग्रवाल, सपना नेमा, सीमा नेमा, सुनीता नेमा, स्वीटी बृजपुरिया, वंदना कौरव, अंजू गुप्ता, राधा रावत, भारती विश्वकर्मा, सीमा कोहली, नीलू गुप्ता, की उपस्थित रहीं।

## करेली में जल संवाद पर नदी संरक्षण की विस्तार से दी जानकारी

### भिंड़वार से रेवानगर संगम तक निकली धमनी नदी जन जागरण यात्रा




**नवभारत/करेली।** धमनी नदी पुनर्जीवित जन जागरण यात्रा भिंडवार से निकलकर बघुवार होते हुए करेली बस्ती पहुंची। करेली में जल संवाद का आयोजन हुआ सीईओ गजेंद्र नागेश ने विस्तार से नदी पुर्नजीवन के विचार रखे। उपयोगी सुझाव दिए नदी में पालीथिन का कचरा नहीं पहुंचे इस का ध्यान रखना जरूरी है। इमलिया सरपंच नीरज काकोडिया ने यात्रा शुरू की। करेली बस्ती धर्मशाला में जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र नागेश आई ए एस द्वारा विस्तार से नदी संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता नेमा, इमलिया सरपंच नीरज काकोडिया सीएमओ श्रीकांत पाटर, पत्रकार जितेंद्र गुप्ता, संदीप ममार आदि ने अपने-अपने विचार रखें, कार्यक्रम का मंच संचालन रामनारायण कौरव एवं आभार सीएमओ ने किया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका के सभी कर्मचारी गणमान्य नागरिक पार्षद पत्रकार बंधु महिलाएं उपस्थित थे। बघुवार के संवाद कार्यक्रम में नदी की महत्ता पर भागीरथ तिवारी ने विचार सांझा किए। निपेंद्र चौहान बघुवार कमलेश मलैया जिला सरपंच संघ प्रशांत कौरव तिन्सरा, मिथिलेश जाट सरपंच कपूरी दीपेश शर्मा सुआतला जसमन सिंह राजपूत पंच ग्राम पंचायत बघुवार राठी जी सरपंच प्रशांत कौरव बुघवार सरपंच राजपूत जी आदि मौजूद रहे। विदित हो कि धमनी नदी के उद्गम स्थल भिंड़वार से रेवानगर संगम तक धमनी नदी गहरीकरण की जरूरत है। इस कार्य में जनभागीदारी व सहयोग भी बेहद जरूरी है शासन-प्रषासन व आम लोगों को एक जुट होकर जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा। जब जाकर ही यह 32 किमी लंबी नदी पूर्णत: पुन: जीवित हो पायेगी। धमनी नदी पुनर्जीवन जनजागरण यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रदूषण नियंत्रण, जल संरक्षण के माध्यम से नदी के प्राकृतिक प्रवाह और पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करना है। यात्रा के प्रमुख घटक में तकनीक और प्रकृति आधारित समाधान।

### सामूहिक जनभागीदारी

प्रदूषण नियंत्रण और सफाई सहित अन्य कार्य शामिल है। पैदल यात्रा आज ग्राम खैरी (मेहलपुरा) दिनांक 11/04/26 सुबह 08 बजे यात्रा पहुंचेगी ग्राम खेरूआ सुबह 10 बजे एवं ग्राम रेवानगर में 12 बजे तथा मां नर्मदा संगम स्थल शाम 04 बजे यात्रा पूर्ण होगी। धमनी नदी तहसील गाडरवारा के ग्राम भिण्डवार (खमरिया) उद्गम स्थल से लेकर ग्राम बधुवार, करेली बस्ती, करेली नगर, जौहरिया, इमलिया, कोदसा, खैरी महलपुरा, खैरूआ, रेवानगर में माँ नर्मदा में संगम होती हैं सभी ग्रामों की जीवनरेखा नदी है किन्तु वर्तमान स्थिती में जल प्रभाव न होने से कहीं कहीं लोगों के द्वारा नदी की भूमि पर कृषि कार्य किया जाने लगा है। नदी पुनर्जीवन अभियान से जल ग्रहण क्षेत्र में वर्षा जल को धरती के भीतर पहुंचता है।

## कांक्रीट सड़क एक साल में ही हुई जर्जर, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**नवभारत/ गोटेगांव।** जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत गोहचर में विकास कार्यों में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां रेलवे पुल से नरसिंहपुर रोड तक बनाई गई कंक्रीट सड़क निर्माण के महज एक साल के भीतर ही उखड़ने लगी है। सड़क की ऊपरी परत से गिट्टियां बाहर निकल आने के कारण राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए सामग्री के मानक स्तर की अनदेखी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क को योजना के विपरीत अधूरा भी छोड़ दिया गया है। रेलवे पुल से मुख्य मार्ग तक पूरी सड़क बनाने के बजाय केवल बीच का कुछ हिस्सा ही बनाया गया है। इस घटिया और अधूरे निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनपद पंचायत के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शपथकर्ता कृष्ण कुमार रजक आयु लगभग-47 वर्ष पिता स्व. शंकर लाल रजक निवासी ग्राम- नियर SBS पब्लिक स्कूल, बगासपुर रोड, गोटेगांवखेड़ा, तहसील-गोटेगांव, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.) का निवासी हूँ। मैं निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ कि- (1) यह कि शपथकर्ता उक्त पते का मूल निवासी हूँ।(2) यह कि मेरे पुत्र- संकल्प रजक का आधार कार्ड नंबर- 3914 4679 8887 है जिसमें मेरे पुत्र का नाम "संकल्प रजक" दर्ज है। जिसको मैं वर्तमान में "रिदित रजक" कराना चाहता हूँ।(3) यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में नाम "संकल्प रजक" है जो कि त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम "रिदित रजक" है जो कि मेरी अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजों में भी अंकित है, जिस हेतु आज से मैं "रिदित रजक" के नाम से ही जाना पहचाना, पढ़ा, लिखा जावेगा। (4) यह कि उक्त तथ्यों की पुष्टि एवं सत्यता के संबंध में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है। अन्य कोई प्रयोजन नहीं है।

गलत नाम :- "संकल्प रजक"

सही नाम :- "रिदित रजक"

शपथकर्ता